हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 मैनपुर में होली का जश्न : होलिका दहन के साथ...

14 होलिका दहन में धधकते अंगारों पर चलकर...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## पर्व : होली से चार दिन पहले शुरू होता है भव्य फागु महोत्सव

# सदियों पुरानी परंपरा का जीवंत उत्सव है फागु दशमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले से सटे कालाहांडी जिले का मथुरा गांव इन दिनों अपनी सदियों पुरानी फागु दशमी और फागु यात्र परंपरा को लेकर एक बार फिर चर्चा में है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि ग्रामीणों की सामूहिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और परंपराओं को संरक्षित रखने की जीवंत मिसाल है। होली से चार दिन पूर्व फागु दशमी के दिन से आरंभ होने वाला यह महोत्सव आज भी उसी मूल स्वरूप में आयोजित किया जाता है, जैसा वर्षों पहले पूर्वजों द्वारा स्थापित किया गया था। उत्सव की शुरुआत भगवान राधा कृष्ण की विधिवत पूजा–अर्चना से होती है। पूजा के पश्चात उन्हें सुसज्जित झूले में विराजित कर झुलायौ। प्रतिदिन प्रातः भगवान पूरे गांव का परिक्रमण करते हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओत–प्रोत हो उठता है। ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर इस दिव्य यात्र का हिस्सा बनते हैं। झूला उत्सव के बाद आरंभ होता है सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्वितीय सिलसिला, जिसकी सबसे बड़ी पहचान है सदियों पुरानी सीन और स्क्रीन परंपरा। एक साधारण सफेद परदे के पीछे कलाकार नृत्य, हास्य और लोक प्रस्तुतियां देते हैं। उत्सव के दौरान पूरा गांव रोशनी से जगमगा उठता है। बाहर रोजगार या शिक्षा के लिए गए ग्रामीण भी इन दिनों अपने गांव लौटकर सहभागिता निभाते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, पुराने समय का श्रृंगार और पारंपरिक मेकअपः सब कुछ उसी ऐतिहासिक शैली में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस परंपरा के कुछ दृश्य बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी प्रेरणा के रूप में देखे गए हैं।

■ 'सीन और स्क्रीन' परंपरा, बिना चंदे के आत्मनिर्भर आयोजन बना मिसाल

### मथुरा गांव वाले सहेज रहे विरासत

आज जब आधुनिकता की आंधी में अनेक परंपराएं विलुप्त होती जा रही हैं, ऐसे समय में मथुरा गांव के लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। आवश्यकता है कि ऐसी ऐतिहासिक और अनोखी परंपराओं को सरकारी संरक्षण और व्यापक प्रोत्साहन मिले, ताकि यह अमूल्य धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके। फागु दशमी की यह परंपरा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सामूहिक संकल्प की जीवंत गाथा है, जिसे मथुरा गांव के ग्रामीण पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

## फागुन में भक्ति का सैलाबः नवापारा-राजिम में निकली भव्य निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

फागुन माह की पावन बेला पर श्री श्याम परिवार एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं की टोली हाथों में पवित्र निशान लेकर भजन गाते और जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण पर निकली। इसमें सभी श्याम भक्तो ने हिस्सा लिया। हारे के सहारे, श्याम हमारे और जय श्री श्याम के उदघोष से शहर का वातावरण गूंज उठा।महिलाएं, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जिससे यात्रा का दृश्य अत्यंत आकर्षक और भावपूर्ण बन गया। नगरवासियों ने निशान यात्रा का स्वागत किया।

फागुन माह में श्याम भक्तों के लिए निशान यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस माह में सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना और निशान अर्पण से खाटू श्याम की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसी आस्था के साथ भक्तजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति रस की अविरल धारा बहती रही। निशान यात्रा के समापन पश्चात श्री राधाकृष्ण मंदिर में भव्य भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक श्याम भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु झूमते रहे। मंदिर परिसर दीपों और फूलों से सुसज्जित रहा, जिससे आध्यात्मिक वातावरण और भी मनोहारी हो उठा। कार्यक्रम के दौरान श्याम बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। विविध प्रकार के मिष्ठान्न, फल और प्रसाद से सुसज्जित भोग का श्रद्धालुओं ने दर्शन किया और सामूहिक आरती में भाग लिया।


श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया।

**श्रद्धालुओं को एक मंच पर जोड़ने का प्रयासः अग्रवाल-** आयोजन समिति के गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि फागुन माह में हर वर्ष इस प्रकार का धार्मिक आयोजन कर श्रद्धालुओं को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री श्याम परिवार और अग्रवाल नवयुवक मंडल के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। नवापारा में आयोजित इस निशान यात्रा और भजन संध्या ने पूरे नगर को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया, जिससे श्रद्धालुओं के हृदय में आस्था और विश्वास की नई ज्योति प्रज्वलित हुई। कार्यक्रम में विनय अग्रवाल,काव्या शर्मा, खगेश डड़सेना,विकास शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### अमलीपदर पुलिस ने जब्त की महुआ शराब



**मैनपुर।** गरियाबंद–जिले के अंतर्गत मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 2 मार्च को की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी हस्तम मांझी (39) निवासी गुरासरार, अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का परिवहन कर बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बीजापुर–कुंछलाम मार्ग के कच्ची रोड पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अमलीपदर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को बरामद सामग्री – 40 लीटर कच्ची महुआ शराब (प्लास्टिक बोरियों में) कीमत लगभग 4000 रुपये 30 लीटर कच्ची महुआ शराब (डिब्बों में) कीमत लगभग 3000 रुपये एक मोटरसाइकिल (बिना वैध दस्तावेज) कीमत लगभग 30,000 रुपये कुल मिलाकर 70 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 37,000 रुपये है।

### छात्रा गणेश्वरी का इलाज के दौरान मौत

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है जिसमें ग्राम शोभा स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल मे कक्षा 11 वीं की छात्र कु. गणेश्वरी मरकाम पिता मानसिंह मरकाम का तबियत कुछ दिन पहले बिगड़ा था और उनका ईलाज मैनपुर व क्षेत्र के अमे करवाने के बाद परिजनो ने बेहतर उपचार के लिए धमतरी के एक निजी अस्पताल ले गये थे जहां सोमवार रात को ईलाज के दौरान आदिवासी छात्र ने दम तोड़ दिया यह दुखद खबर लगते ही मैनपुर शोभा क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गई और क्षेत्र के लोगो ने उन्हे विनम्र ▶▶| शेष पेज 13 पर



# मैनपुर में एक सप्ताह में चार ने की आत्महत्या, जिसमें 3 युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र से दिल दहलाने वाली घटना निकलकर सामने आ रही है पिछले एक सप्ताह के भीतर चार लोगो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जिसमे चौकाने वाली बात यह है कि चार मे से तीन युवाओं ने आत्महत्या जैसे कदम उठाएं है और फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दिए है इस घटना से क्षेत्र मे दहशत देखने को मिल रही है साथ ही यह चर्चा का विशय बना हुआ है जल्द ही इस मामले मे क्षेत्र के लोगो ने मनोरोग चिकित्सा शिविर आयोजित कर आज के युवाओं को दिशा निर्देश देने मांग किया है।

■ पुलिस जांच में जुटी, समाज में आस्था और संवेदना का माहौल

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मैनपुर तहसील मुख्यालय के आश्रित ग्राम अचानपुर मे सोमवार रात घर मे खाना खाने के बाद ग्राम के 23 वर्शीय युवक जयपाल सिंह नागेश घर से बाहर टहलने निकला लेकिन देर रात तक घर नही पहुंचने से घर के लोगो ने पतासाजी किया तो प्राथमिक शाला स्कूल के पीछे खेत स्थित पेड़ मे गमछा के सहारे फांसी लगा लिया था जिसे देखकर लोग हैरान हो गए इसकी जानकारी मैनपुर पुलिस को दिया गया और आज मंगलवार को सुबह 11 बजे मृतक जयपाल सिंह नागेश के शव को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोस्टमार्डम के लिए लाया गया है जहां भारी संख्या मे ग्रामीणों की भीड देखी जा रही है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच किया जा रहा है।



### इससे पहले भी 3 मामले आए सामने




एक दिन पहले मैनपुर क्षेत्र के शोभा मे 19 वर्शीय युवक प्रिंस तिवारी ने घर से कुछ दूर स्टॉपडेम के पास फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया था तो वहीं तीन दिन पहले मैनपुर क्षेत्र के ही एक मरकाम युवक ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया तो पांच दिन पहले ओड़िसा क्षेत्र से मैनपुर कला में पहुंचकर 38 वर्शीय अलख चंद भक्त ने बरदुला चढान जंगल के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस तरह एक सप्ताह के भीतर चार युवको ने मैनपुर क्षेत्र मे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया जो लोगो को सोचने को मजबूर कर रहा है।

# गरियाबंद में होली से पहले विशेष पुलिस अभियान अपराध और अवैध गतिविधियों पर लगाया अंकुश

## पुलिस ने गुंडा-बदमाशों और यातायात नियमों के उल्लंघन पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गरियाबंद पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों में गुंडा-बदमाशों की सघन चेकिंग, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए।

अभियान के तहत सूचीबद्ध गुंडा एवं निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीमों ने उनकी गतिविधियों का सत्यापन कर उन्हें अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी। जो बदमाश अपने घरों पर नहीं मिले, उनके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन प्रकरण दर्ज कर 75 लीटर अवैध शराब जब्त की। वहीं 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के मामलों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 49 ▶▶| शेष पेज 13 पर






## खबर संक्षेप



### देव संस्कृति स्कूल में फाग गीतों व नगाड़ों की रही धूम

**महासमुंद**। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली मिलन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में फाग गीतों व नगाड़ों की धूम रही। इस दौरान बच्चों ने परंपरागत पर्यावरण की सुरक्षा से होली मनाई गई। आंखों व त्वचा को हानिकारक रंगों से बचाने के लिए और केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दी। इस अवसर पर बच्चों ने जमकर रंग गुलाल के साथ एकत्रित होकर नगाड़े की धुन में डांस किया। बालिकाएं धार्मिक गीतों में झूमते नजर आए। होली आई रे कन्हाई और रंग बरसे की धुन पर थिरकते रहे। पश्चात विद्यालय के समस्त बच्चों शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अभिनंदन किया व फूलों की होली खेली। इस अवसर पर बच्चे बहुत ही उत्साही और खुश नजर आए। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली के रंगों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। होली के आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि होली का उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। इसे हमें प्रेम की भावना से मनाना चाहिए। होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है और होलिका दहन में अपनी सभी बुराइयों का ध्यान कर देना चाहिए। व्याख्याता नंद कुमार साहू ने कहा कि वास्तव में यह पर्व होलिका दहन से प्रारंभ होता है।

# होली पर्व को लेकर प्रशासन ने किया नगर में फ्लैग मार्च, त्योहारों से पहले अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर व क्षेत्र में शांतिपूर्वक व कानून के दायरे में त्योहार मनाए जाने के लिए सोमवार की एसडीएम के नेतृत्व में स्थानीय व पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। ज्ञातव्य हो कि 2 दिन पूर्व थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें नगर के सभी प्रमुख नगरवासी, व्यापारी संघ, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस उल्लासपूर्ण होली त्योहार को पूरे शांति पूर्ण तरीके से मर्यादाओं का पालन करते हुए मनाए जाने पर सहमति बनाई गई थी। इस अवसर पर एसडीएम अनुपमा आनंद, एसडीओपी ललिता मेहर, तहसीलदार श्रीधर पंडा व टीआई नितेश ठाकुर द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाए जाने की बात कही गई थी। नगरवासियों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी कार्रवाई किए जाने पर सहमति बनाई गई थी।

होली दहन व होली त्योहार के समय नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा को देखते हुए पर्याप्त पुलिस तैनात रहेगा। हुड़दंगियों, तेज व मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर मोटरसाइकिल चलाने वाले पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसी सिलसिले में आज शाम एसडीएम अनुपमा आनंद, एसडीओपी ललिता मेहर, तहसीलदार धर पंडा व टीआई नितेश ठाकुर द्वारा दलबल के साथ नगर में फ्लैग मार्च के दौरान दुकानदारों, मोटरसाइकिल चलाने वालो व अन्यों को समझाइश भी दी गई।

## बिरकोनी में कुहकी डंडा नृत्य की परंपरा आज भी कायम



**बिरकोनी।** होलिका दहन के दिन आधुनिकता के नाम से सिर्फ रंग रोगन लगाकर उत्सव मनाते है। लेकिन, होली के अवसर पर नृत्य की वर्षों पुरानी परंपरा अब विलुप्त होती जा रही है। आधुनिक होली में मानो दहन हो गई हो। इसी तरह ग्राम बिरकोनी में 70 से 75 वर्ष के बुजुर्गों ने अपने उम्र को नजर अदांज करते हुए इसे पुनर्जीवित देने का प्रयास कर रहे है, जो कुहकी डंडा नृत्य की परंपरा की तर्ज पर प्राचीन लोक नृत्य गीतों पर नृत्य कर रहे हैं। लेकिन, कुछ किन चुने बुजुर्ग वैभव बनाने वाले कलाकार जो इस विद्या से जुड़े हुए है, वही कलाकार परंपरा को कायम रखने एवं इसे जीवन देने के लिए वर्षो से मेहनत करते आ रहे है। ग्राम बिरकोनी में परंपरा के अनुसार डंडा नृत्य को आज भी कायम रखे हुए है। फागुन मास आते ही डंडा नृत्य की गूंज सुनाई देती है, जो होली के दिन तक कृष्ण–राधा के लीला मंचन संगम रास गीत गूंजते हैं। यहां डंडा नृत्य करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जब ये बुजुर्ग बच्चे थे तब गांव के उसके सियानों ने शुरुआत की थी। अब बुजुर्गों की टोली होलिका दहन के पूर्व शाम को चौक चौराहे द्वार–द्वार पर जा के नृत्य कर रहे हैं। इस नृत्य से प्राचीन गीत गाकर दर्शकों का मनमोह रहे हैं। परंपरा मनोरंजन से प्रेरित करने के लिए ग्राम के कुल मंदिरों में राम मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला, महामाया, लीला मंच, मंदिरों में डंडा नृत्य की प्रस्तुति दे रहे है।

# महासमुंद में 15 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण प्रदेश की नक्सल उन्मूलन नीति की बड़ी जीतः निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के बलांगीर-बरगढ़-महासमुंद (बीबीएम) डिवीजन से जुड़े करीब 15 नक्सलियों ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए कहा कि यह आत्मसमर्पण प्रदेश की नक्सल उन्मूलन नीति की बड़ी जीत है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और विकासमुखी नीति से कार्य किया है, उसका यह परिणाम है।



महासमुंद जैसे क्षेत्र अब शांति और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। निधि ने यह भी कहा कि इस आत्मसमर्पण से प्रदेश के युवाओं को नई दिशा मिलेगी और समाज में विश्वास बहाली का माहौल बनेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और जवानों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता "शांति, विश्वास और विकास" के त्रिकोणीय लक्ष्य को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस कदम का स्वागत किया और कहा कि सरकार की योजनाओं से अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी शांति और रोजगार के अवसर बन रहे हैं।

## होली पर शांति और सौहार्द्र बनाए रखें: निधि

**महासमुंद।** होली पर्व के अवसर पर जिले की जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने नागरिकों से शांति, सौहार्द और संयम के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पर्व है, इसे किसी भी प्रकार के हुड़दंग या अनुशासनहीन व्यवहार से कलंकित न करें। होली का असली आनंद एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और सहयोग में है। सार्वजनिक स्थलों पर अशांति फैलाना, नशे में वाहन चलाना या किसी को जबरन रंग लगाना त्योहार की भावना के विपरीत है। आइए, हम सभी मिलकर ऐसी होली मनाएं, जो सभी के चेहरे पर मुस्कान लाए। युवाओं से विशेष रूप से आग्रह है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, बाइक स्टंट या तेज गति से वाहन चलाने से बचें और अपने परिवार व समाज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। निधि ने पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे जिले में शांति बनाए रखने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सहयोग के लिए प्रेरित करें। होली पर्व को लेकर जिले में प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है और शांति समितियों को सक्रिय किया गया है।

# शिशु नगरी कार्यक्रम में होली गीतों पर नृत्य की हुई प्रस्तुति

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिशु नगरी रंग मंचीय एवं खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), विशेष अथिति कृष्णा चंद्राकर ( पूर्व शिशु वाटिका सह प्रांत प्रमुख, पूर्व प्रधानाचार्य), अध्यक्षता भारती गुप्ता (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सदस्य), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा द्वारा माँ सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत आचार्या निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा एवं सु टिकेशवरी चंद्राकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णा चंद्राकर द्वारा शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित करने के विषय पर विचार रखते हुए कहा कि विद्या भारती के योजनानुसार शिशु वाटिका के अंतर्गत शिशु कक्षा के छोटे बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। साथ ही उनके द्वारा चित्र



पुस्तकालय, मिट्टी कला, घुलनशील, अघुलनशील जैसे बारह शैक्षिक व्यवस्थाओ की बारी-बारी से विस्तार से जानकारी दिया गया। इसके पश्चात छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किया गया। जिसमें आगामी त्योहार होली पर होली गीतों पर प्रियांशी ग्रुप द्वारा राधा ने रंग डाला, निशा सेन ग्रुप द्वारा मुख मुरली बजाये, अनन्या एवं राध्या ग्रुप द्वारा सुआ नृत्य, दीक्षा कुर्रे एवं नियती तांडी ग्रुप द्वारा बस्तरिहा वाला, नव्या गोस्वामी ग्रुप द्वारा बम-बम बोले गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। जीविका थानेकर द्वारा पचरा गीत की एवं कक्षा द्वितीय से डी. गोपाल, वेदांत ग्रुप द्वारा वेशभूषा की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर माताओं के लिए और बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता भी रखी गई थी, जिसमें अपने बच्चो को पीठ पर बिठाकर दौड़ने वाला खेल में किरण ध्रुव ने प्रथम स्थान एवं भारती चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोरी सुनाओ प्रतियोगिता में टिकेश्वरी कन्नौजे ने प्रथम स्थान एवं किरण ध्रुव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाल्टी में गेंद डालना प्रतियोगिता में जान्हवी ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। इन सभी प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी माताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही शिशु वाटिका के इस नगरी कार्यक्रम में बारह शैक्षिक व्यवस्थाएं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें चित्र पुस्तकालय, कलाशाला, कार्यशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, चिड़ियाघर, आदर्श घर, रंगमंच,वस्तु संग्रालय जैसे बारह व्यवस्थाए रखी गई थी, जिसे अभिभावकों द्वारा अवलोकन किया गया। इसके पश्चात आगामी त्योहार होली पर आकर्षक होली गीतों के साथ होली मनाई गई एवं एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में भारती गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या तारणी गोस्वामी ने किया।

कार्यक्रम में शिशु वाटिका प्रमुख गुरुवारी सोनी, मनोज साहू, किरण सोनी, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर, उत्तरा सिन्हा, कुंजलाल पटेल, बलराम सेन, शिव कन्नौजे, किरण साहू, हेमंत साहू, तुलसी राम पटेल, ललित कुमार सिन्हा, पवन कुमार निर्मलकर एवं विद्यालय के समस्त आचार्य/दीदीयों का का सहयोग सराहनीय रहा।

# पेशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा, नए सदस्यों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

01 मार्च 2026 को पेशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में आयोजित किया गया। बैठक का प्रारंभ संगठन के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सह सचिव राधेश्याम दुबे, नेहरू साहू, संगठन मंत्री चमन लाल साहू, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण सिंह बिसेन, विनोद शर्मा, जीएस ठाकुर, एलएन शर्मा, भगतराम साहू, चोवाराम साहू एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सरस्वती मां के पूजन से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात संगठन के वरिष्ठ संत लाल साहू वन विभाग एवं पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त राधेश्याम ठाकुर के पत्नी शांतिबाई ठाकुर के आकस्मिक निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त रामकुमार साहू ने किया। बैठक के प्रथम कड़ी में नए सदस्यों क्रमशः हेमलाल साहू एवं अशोक साहू जल संसाधन विभाग, देवनारायण साहू पुलिस विभाग, अरविंद गलपांडे श्रम विभाग, तिलकराम साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद एवं संतराम साहू विद्युत विभाग का स्वागत गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया। स्वागत उपरांत सभी सदस्यों ने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए संगठन के प्रति अपनी



भावनाओं से सभी को अवगत कराते हुए पेंशनर हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। पश्चात गायत्री परिवार के वरिष्ठ भगत साहू द्वारा चंद्रशेखर आजाद एवं गोपालकृष्ण गोखले के पुण्यतिथि एवं राम कृष्ण परमहंस की जयंती के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू द्वारा प्रांत स्तरीय वार्षिक सम्मेलन, जिसका आयोजन माह मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है, पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्यों को तन, मन, धन से सहयोग करने की अपील की तथा अन्य संगठन द्वारा पेंशनर्स एसोसिएशन के विरूद्ध में किए जा रहे भ्रामक दुष्प्रचार से सजग रहने की अपील की गई। अध्यक्ष के अपील से उत्साहित होकर अनेक पेंशनरों ने बैठक स्थल पर कार्यक्रम के लिए सहर्ष सहयोग राशि प्रदान किया। उपस्थित पेंशनरों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

संगठन के वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा ने छग शासन के नवीनतम आदेश का उल्लेख करते हुए बताया की पेशनरों को 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होने एवं 85 वर्ष पूर्व 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेशन का लाभ दिए जाने वाले आदेश का पालन नहीं किये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र आदेश लागू करने की मांग शासन से की। बैठक को देवनारायण सिंह बिसेन, आर साहू, पुरूषोत्तम शर्मा विष्णु प्रसाद साहू आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। समापन की कड़ी में चमनलाल साहू संगठन मंत्री ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईएम कुरैशी, बोधन लाल साहू, संतूराम साहू, मुरलीधर पटेल, सुरेश क्षेत्रपाल, राजेंद्र सिंह परिहार, चोवाराम साहू, सतानंद यादव, शिवनंदन भोसले, भूषण भोसले, डोमारराम साहू, कोमनलाल चंद्राकर, रेखराम साहू, मेघनाथ साहू, रूपचंद वर्मा, रमेशकुमार गुप्ता, एसके साहू, राधेश्याम चंद्रकर, सुभाषनंद भुनेश्वर विश्वकर्मा, शब्बीर अली, गौकरण सिहं ठाकुर, टी आर गजेंद्र, केशवराम सिन्हा, हिच्छाराम, रविकांत चंद्राकर, अर्जुन साहू, तिलचंद यादव, सुजान यादव, रामटहल निषाद, किशनलाल ध्रुव, चोवासिंह ठाकुर, सुरेश साहू, सुबेलाल, योधराम साहू, भगवान चंद्राकर सहित अनेक पेंशनर उपस्थित हुए।

# सेवानिवृत्त होने पर श्रमिकों दी गई विदाई



**महासमुंद।** 28 फरवरी 2026 को हेमलाल साहू अमीन एवं अशोक कुमार साहू श्रमिक जल संसाधन कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग महासमुंद का 62 वर्ष शासकीय सेवा अवधि पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त पर उन्हें साल एवं श्रीफल भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर केके बंजारे अनुविभागीय अधिकारी कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग, मुकेश कुमार चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी क्र. 01, पीएल कोसरिया केनाल डिप्टी कलेक्टर, मोतीलाल मालेकर उपअभियंता, अखिलेश कुमार यादव उपअभियंता, एमएल ध्रुव मानचित्रकार, एसपी ध्रुव मानचित्रकार, बिहारी शर्मा वरिष्ठ लेखा लिपिक, आरपी वर्मा सहायक वर्ग -02, एलएन बघेल सहायक वर्ग -02, सीतेश कुमार साहू सहायक वर्ग -03, ममता चंद्राकर सहायक वर्ग-03, यशवंत ठाकुर सहायक वर्ग-03, शिवकुमार ध्रुव अमीन, विक्रांत पुरी गोस्वामी अमीन, भीखम कुमार चंद्राकर डाटा एंट्री गण आपरेटर, आशीष चंद्राकर, ललित कुमार यादव, वेद प्रकाश सिन्हा, उमेश कुमार सिन्हा कुशल सहायक, भुनेश्वर यादव कुशल सहायक, व्ही प्रमिला राव, हिमानी ठाकुर भृत्य, रवि निर्मलकर साईट चौकीदार, शोभा रामटेके पत्रवाहक, तारकेश्वर साहू पत्रवाहक, रामानंद निषाद चौकीदार, मोहन लाल कन्नौजे रात्रिकालीन चौकीदार, चम्मन लाल साहू चौकीदार, गोपाल ध्रुव श्रमिक, सुरेश कुमार क्षेत्रपाल सेवानिवृत्त सहायक वर्ग-02, शिवकुमार साहू सेवानिवृत्त सहायक वर्ग-02, रामकुमार साहू सेवानिवृत्त अमीन, संतुराम साहू सेवानिवृत्त भृत्य, बोधन लाल साहू सेनि शिक्षक, चम्मन लाल साहू सेनि प्रधान आरक्षक, गुहन लाल वर्मा सेनि भृत्य आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एमएल ध्रुव मानचित्रकार ने किया।



## महालक्ष्मी सेवा समिति ने बलौदा पुलिस स्टाफ को किया सम्मानित

**महासमुंद।** समाज में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए महालक्ष्मी सेवा समिति बलौदा द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने बलौदा थाने के समस्त स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। यह सम्मान मुख्य रूप से हाल ही में 15 नक्सलियों के आत्मसमर्पण कराने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए दिया गया। पुलिस प्रशासन के निरंतर संवाद और प्रयासों से भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने की इस पहल की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह सम्मान पुलिस कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और कड़ी मेहनत के प्रति आभार प्रकट करने का एक माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में समिति ने भविष्य में भी जन-जागरूकता के कार्यों में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया।

# नाटकों, दीवार लेखन, स्वच्छता अभियान से ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संविधान निर्माण सभा के सदस्य रहे रामप्रसाद पोटाई के ग्राम कन्हारपुरी में शासकीय इंदु केवट कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित संविधान निर्माण सभा के सदस्य इस अंचल के ग्राम कन्हारपुरी निवासी रामप्रसाद पोटाई भी थे, जो बाद में विधायक और सांसद के पद पर भी सुशोभित हुए।



महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का यह शिविर ग्राम सरपंच संदीप कुमार धुवारा, पूर्व जनपद पंचायत कार्यपालन अधिकारी हेमलाल शोरी सहित ग्राम के अन्य पंचों और वरिष्ठ नागरिकों की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। नशा मुक्त समाज थीम पर आयोजित इस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न नाटकों, दीवार लेखन, स्वच्छता अभियान और ग्राम संपर्क के माध्यम से ग्रामीणों में जागरुकता लाने का प्रयास किया, जिसमें मुख्य दलनायिका ज्योति सलाम के साथ तमन्ना कोराम, निहारिका कुलदीप, भावना खड़गे, अमीषा नाग, मनीषा भास्कर और दामिनी कोमरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्व विद्यार्थियों राखी, नीति और वंदना कुलदीप का भी शिविर की सफलता में योगदान रहा। भावना खड़गे और अमीषा नाग को सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में पुरस्कृत किया गया। शिविर की दिनचर्या समयानुसार निर्धारित थी। प्रातः प्रभातफेरी में साक्षरता, नशामुक्ति, समाजसेवा और देशप्रेम के नारों का उद्घोष किया जाता था। इसके पश्चात योगाभ्यास कराया जाता और फिर स्वयंसेविकाएं परियोजना कार्यों में जुट जातीं। ग्राम के विभिन्न हिस्सों में साफ-सफाई जैसे श्रमदान कार्य किए गए। दोपहर 2 बजे से बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन होता, जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से ग्राम विकास संबंधी जानकारी दी जाती। प्रथम दिवस पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, उप निरीक्षक गिरिजा शंकर साव उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र से आए कृषि वैज्ञानिक उपेन्द्र नाग एवं कोमल सिंह ने खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। पतंजलि योग संस्थान के कांकेर जिला अध्यक्ष उपेश्वर ठाकुर ने औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए बताया कि आसपास की वनस्पतियों से भी कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** किराना दुकान से बाइक चोरी के मामले में सांकरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को चक्रधर प्रधान पिता मोहन प्रधान (39 साल) निवासी चिखली ने बताया कि 23 फरवरी को वह अपने घर से सामान लेने के लिए सांकरा आ रहा था और बल्दी डीह चौक में अपनी मोटर सायकल सीजी 04 एचजे 3196 को राजू किराना स्टोर्स के सामने खड़ी कर सामान लेने के लिए सांकरा गया था और वापस आने पर बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। मामले में अपराध दर्ज किया है।

## शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** मोटर साइकिल के जरिए शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति पल्सर मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचबी 9536 में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु गढपटनी रोड की ओर से बसना की ओर आ रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेहियों को रोका और पूछताछ की। जिस पर उन्होंने अपने भोजराम चौहान एवं पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम रौशन छत्तर बताया। आरोपियों के कब्जे से एक थैले से पुलिस ने 47 नग शोले प्लेन देशी शराब कीमत 3,760 रुपए , तथा दूसरे थैले से 25 नग स्पेशल गोवा व्हिस्की शराब कीमत 3,000 रुपए कुल 6,760 को जब्त किया।

पेज 11 के शेष...

### छात्रा गणेश्वरी का...

श्रध्दांजलि अर्पित कि है।
मिली जानकारी के अनुसार हायर सेकेण्डरी स्कूल शोभा कक्षा 11 वीं मे अध्ययनरत छात्र कु. गणेश्वरी मरकाम का पिछले एक सप्ताह से तबियत खराब हो गई थी और उनका उपचार शोभा मैनपुर क्षेत्र के अस्पताल मे किया जा रहा था राजापडाव क्षेत्र के ग्राम ढोलसराई निवासी कुमारी गणेश्वरी मरकाम पिता मानसिंह मरकाम जाति गोंड़ उम्र लगभग 18 वर्ष शोभा हाईस्कूल मे कक्षा 11वीं में अध्यनरत थी जिनका तबियत खराब होने के कारण तीन दिन पूर्व 28 फरवरी को गुप्ता हॉस्पिटल धमतरी में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के आज सोमवार रात को कक्षा 11 वीं छात्र ने दम तोड़ दिया आज मंगलवार को सुबह धमतरी से शव को गृह ग्राम ढोलसराई लाया गया है। अंतिम यात्र में क्षेत्र के वरिष्ठ लोग व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या मे शामिल हुए तथा क्षेत्र मे शोक की लहर देखने को मिल रहा है।

### गरियाबंद में होली...

वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना दस्तावेज वाहन चलाने वाले शामिल हैं। **कबाड़खानों की हुई आकस्मिक जांच-** चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से शहर के कबाड़खानों की आकस्मिक जांच भी की गई। कबाड़ियों को संदिग्ध सामान की खरीदी-बिक्री न करने और सभी लेन-देन का रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध वस्तु पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। **15 असामाजिक तत्वों के खिलाफ हुई कार्रवाई-** इसके अलावा शांति भंग की आशंका वाले 15 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर मोबाइल चेक पोस्ट (एमसीपी) लगाकर देर रात तक वाहनों की तलाशी और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पर्व : आधी रात मुहूर्त में विधि-विधान से हुआ दहन, फाग से माहौल हुआ होलियाना

# नवापारा-राजिम में उल्लास के साथ जली होलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रंगों का पर्व होली की पूर्व संध्या पर शहर में आधी रात के बाद होलिका दहन का आयोजन बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। निर्धारित मुहूर्त पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया। जैसे ही अग्नि प्रज्वलित हुई, नंगाड़ों की गूंज और होली है के उदघोष से पूरा वातावरण उल्लासमय हो उठा। युवा वर्ग में विशेष उत्साह देखने को मिला। देर रात तक चौक-चौराहों पर समूह बनाकर लोग होलिका दहन के साक्षी बने। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा झूमते नजर आए। कई स्थानों पर पारंपरिक गीतों और फाग की धुनों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। होलिका दहन के अवसर पर परंपरा अनुसार परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। बच्चों में भी खासा उत्साह रहा, जिन्होंने हंसी-ठिठोली के बीच इस पर्व का मस्ती के साथ आनंद लिया। हालांकि कुछ स्थानों पर युवाओं का हुड़दंग भी देखने को मिला।

- ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमे युवा, रंगोत्सव की औपचारिक शुरुआत

**शांति और सौहार्द्र के साथ मनी होली-** देर रात तक शोर-शराबा और तेज आवाज में नंगाड़े बजने से आसपास के क्षेत्रों में हलचल बनी रही। बावजूद इसके, अधिकांश स्थानों पर त्योहार शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया गया। होलिका दहन के साथ ही शहर में रंगोत्सव की औपचारिक शुरूआत हो गई है। अब सुबह से ही लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे। शहर रंगों और उमंग के इस पर्व में पूरी तरह सराबोर नजर आ रहा है।



## मैनपुर में होली का जश्न : होलिका दहन के साथ परंपरा और उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पुरे क्षेत्र में रंगो का पर्व होली पूरे हर्शो एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है, फाल्गुन मास के पूर्णिमा तिथि पर आज सोमवार को रात में मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के सभी ग्रामो में विधिवत पूजा–अर्चना कर होलिका दहन किया गया, इस दौरान ग्राम के बुजुर्ग झाकर,पुजारी,बैगा व वरिष्ठ जनो द्वारा पुजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया होलिका दहन स्थल पर रात में लोग ढोल–नगाडें बजाकर देर रात तक फाग गीत गाते रहे।

4 बुधवार को रंगो का पर्व होली क्षेत्र भर में मनाया जाएगा नगर मे सभी प्रमुख स्थानो चौक चौराहो पर विभिन्न रंग बिरंगे रंगो की होली खेली गई तथा कई जगह सुखी होली के साथ साथ फुलो की होली खेलते लोग नजर आ रहे है ,कही कही नगाड़ो की थाप कई जगहो पर डंडा नाच किया गया, होली पर्व के चलते घरों में



छत्तीसगढी व्यंजन खुरमी, ठेठरी एवं अन्य पारंपरिक व्यंजन की धूम देखी जा रही है , जहां युवा, बुर्जुग, बच्चें सभी वर्ग के लोगो ने आज एक दिन पहले होलिका दहन को ही एक दुसरे के घरों में जाकर रंग गुलाल लगाकर होली की बाध बधाई देते दिखे।

होली के एक दिन पुर्व आज मंगलवार को क्षेत्र के स्कुलो में छात्र छात्रए व बच्चे छुटटी होने से पुर्व जमकर होली खेलते नजर आये एक दुसरे को गुलाल लगाकर बधाई देते रहे,और सरकारी कार्यलयों मे भी आज होली खेली गई।



## महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रायपुर ग्रामीण जिला महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा के नेतृत्व एवं रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा के महामंत्री ओमकुमारी साहू, स्वाति शर्मा, उपाध्यक्ष चेतना गुप्ता, पद्मनी साहू, मंत्री रानू शर्मा की मौजूदगी में मंत्री गुरु खुशवंत साहब, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा जिला महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी दिव्या थवाईत, महिला मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, हेमलता साहू, किरण साहू, सीता साहू, रानी जैन एवं मंडल महामंत्री हर्षा कंसारी शामिल थी।



## राजिम विधायक के नेतृत्व में स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी 'शतक'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में आज गैलेक्सी सिनेमा नवापारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक गण एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गणों द्वारा प्रेरणादायी फिल्म शतक का सामूहिक दर्शन किया गया। यह फिल्म राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक यात्रा को दहै। फिल्म के माध्यम से संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों एवं संगठन विस्तार की गौरवगाथा प्रस्तुत की गई है।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि 'शतक' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रभाव, संगठन शक्ति और समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक गण एवं भाजपा कार्यकर्ता गण समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की भावना लेकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी, युवा साथी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। फिल्म दर्शन के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित, समाजसेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। अंत में विधायक श्री साहू ने सभी स्वयंसेवक गण एवं भाजपा कार्यकर्ता गण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है, और इसी भावना के साथ सभी को मिलकर विकास एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश यादव, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, कोपरा नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, उपाध्यक्ष तारणी सेन, ओमकार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण रिकेश साहू राजिम, हेमंत सिन्हा खडमा, गोपी ध्रुव कोपरा, सुमित पारख गरियाबंद, नागेंद्र वर्मा नवापारा, भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सियाराम ध्रुव, पूर्व नगर अध्यक्ष फिंगेश्वर जगदीश यदु, नवापारा नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मुकुंद मेश्राम, छाया राही, खुशी साहू, देवकी साहू, मधु नत्थानी, ममता यादव, संगीता साहू, पत्रकार साथी श्यामकिशोर शर्मा, नीरज शर्मा, थानेश्वर साहू, देवप्रशाद बघेल, रामाधार साहू, राजू साहू, अनिता यादव, सोमनाथ पटेल उपस्थित रहे।

## दीपक बने भारतीय बौद्ध महासभा गरियाबंद के ज़िला अध्यक्ष



**प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह में 9 पदाधिकारियों ने ली शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद स्थित वन विभाग के नीलाम कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ किया गया। समारोह में मैनपुर, गरियाबंद, राजिम सहित जिले भर से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप वासनीकर ने की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पालनहार मेश्राम, राष्ट्रीय ट्रस्टी एस.आर. कांडे, डॉ. बद्रीश सुखदेवे, गरियाबंद जिला प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वैद्य, शैलेश बड़गे सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्ष और हजारों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 9 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ शिक्षक दीपक मेश्राम को भारतीय बौद्ध महासभा गरियाबंद का ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही शिव तिरपुड़े और सुरेन्द्र सोनटेके को उपाध्यक्ष, खिलेंद्र कुटारे को महासचिव, रमेश वासनीकर को कोषाध्यक्ष तथा नागेश गजभिए, प्रकाश लोनहारे, किशोर रामटेके और मुकेश रामटेके को सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गरियाबंद ज़िला इकाई सामाजिक जागरूकता, संगठन विस्तार और बंधुत्व के संदेश को पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। ज़िला इकाई के गठन पर जिले भर के बौद्ध समाज में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में शिव कुमार खापर्डे, नारद मेश्राम, छगन पचभीए, रमेश मेश्राम, नवलकिशोर ललित डॉहटे, नंदलाल वासनिक, खन्ना रामटेके सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने एनएच-06 से बेलटुकरी मार्ग एवं महासमुंद-तुमगांव रोड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को एनएच-06 से बेलटुकरी तक जाने वाले मार्ग एवं महासमुंद-तुमगांव रोड का निरीक्षण किया तथा संबंधित निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने एनएच-06 से बेलटुकरी मार्ग के निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति और भारी वाहनों के कारण हो रही क्षति का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर लंगेह ने जिला खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश एवं पीएमजेएसवाई के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में संचालित फर्शी पत्थर एवं अन्य खनन उद्योगों की सहायता से सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाए। उन्होंने कहा कि खनिज परिवहन में लगे भारी वाहनों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खनन कंपनियां अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सड़क की मरम्मत, गड्ढों की भराई तथा आवश्यक सुधार कार्य जल्द पूरा करें। साथ ही, निर्धारित मानकों के अनुसार सड़क को सुरक्षित और सुगम बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को समय-सीमा तय कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। तत्पश्चात कलेक्टर लंगेह ने महासमुंद-तुमगांव निर्माणाधीन सड़क के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 9.65 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और इसे जून 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभाग एवं ठेकेदार एजेंसी को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सड़क की गुणवत्ता, बेस लेयर, डामरीकरण की मोटाई, जल निकासी व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की।

## जिपं सीईओ ने की स्व-सहायता समूह की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चन्द्राकर ने गरियाबंद जिला अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन बिहान स्व सहायता समूह के दीदीओं द्वारा पलास फुल, सब्जी भाजी से तैयार किये गये हर्बल गुलाल की खरीदी किया और स्व सहायता समूह के इस प्रयास की प्रशंसा किया।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# होलिका दहन में धधकते अंगारों पर चलकर देहारगुड़ा के ग्रामीण ने निभाई वर्षों पुरानी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत देहारगुड़ा में होलिका दहन के अवसर पर अद्भुत आस्था और साहस का –श्य देखने को मिला यहां बड़े–बुजुर्गों से लेकर युवाओं और बच्चों तक ने धधकते अंगारों पर चलकर अपनी परंपरा और विश्वास को कायम रखा है। रात्रि जागरण के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में पूरे गांव के लोग एकत्रित हुए ग्राम के झंकार ग्राम पटेल एवं अन्य बुजुर्गों के नेतृत्व में प्रातः लगभग 5 बजे विधि–विधान से होलिका दहन किया गया।

पूजा–अर्चना और मंत्रेच्चार के बाद झांकर द्वारा विशेष पूजा संपन्न की गई इसके उपरांत ग्रामीण बारी–बारी से जलते हुए अंगारों पर नंगे पांव चलकर क्षेत्र की सुख समृध्दि खुशहाली की कामना किया गया। ग्रामीणों का मानना है कि

**देहारगुड़ा में होलिका दहनः आस्था और साहस की मिसाल**





यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और अंगारों पर चलने से शरीर के कष्ट दूर होते हैं तथा नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। ग्राम के झांकर एवं ग्राम पटेल ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि गांव की एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है।

**उत्साह और श्रद्धा का रहा वातावरण–** इस अवसर पर पूरे गांव में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा सामूहिक सहभागिता ने यह संदेश दिया कि परंपराएं केवल रीति–रिवाज नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम को मजबूत करने का माध्यम भी होती हैं। होलिका दहन का यह अनोखा आयोजन ग्रामीण संस्कृति, आस्था और साहस का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जहां धधकते अंगारों पर चलते कदमों ने विश्वास की गर्माहट को और प्रबल कर दिया।

## खबर संक्षेप



### नपाध्यक्ष ओमकुमारी ने किया इंटेक वेल का निरीक्षण

**नवापारा राजिम।** नगर पालिका परिषद नवापारा की अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं पालिका के कर्मचारी रोशन साहू सहित सभी ने नगर के इंटेकवेल का निरीक्षण किया। बताया गया कि यह निरीक्षण आगामी अप्रैल-मई माह में संभावित भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुचारु एवं सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से था। निरीक्षण के दौरान जलस्तर की स्थिति, मोटर-पंप की कार्यप्रणाली, पाइपलाइन नेटवर्क तथा जलापूर्ति से जुड़े अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की गई।
अध्यक्ष ओमकुमारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक मरम्मत कार्य समय रहते पूर्ण करने, खराब उपकरणों को बदलने तथा वैकल्पिक जलापूर्ति व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगरवासियों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना परिषद की पहली प्राथमिकता है। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा जल स्त्रोतों की सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि संभावित संकट से समय रहते निपटा जा सके।

### गांव, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के विकास के लिए समर्पित है बजटः मोहना

**मैनपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी



प्रतिक्रिया देते जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष मोहना नेताम ने इसे एक दूरदृष्टि वाला बजट निरूपित किया है उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है शिक्षा के विकास के लिए जिस तरह से प्रावधान किए गए हैं उससे युवाओं के लिए नए रास्ते खुलेंगे उसके साथ ही साथ कृषि और स्वास्थ्य के लिए किए गए प्रावधान सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है। श्रीमती नेताम ने कहा इस बजट में गांव गरीब किसान मजदूर और महिलाओं के उन्नति के लिए बहुत ज्यादा जोर दिया गया है।

## पर्व : पृथ्वीम फाउंडेशन की शानदार पहल, स्लम बस्तियों में बाटे रंग गुलाल पिचकारी

# होली का असली रंग है प्रेम : योगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

दुनिया में सबसे बड़ी खूबसुरती शरीर में नही बल्कि उस दिल में होती है जो दूसरो की जिंदगी में खुशियो के रंग भरने के लिए अपनी सीमाओ से भी आगे बढ़ जाता है। जब कोई इंसान अपने आराम, समय और स्वार्थ से ऊपर उठकर किसी और के जीवन में रंग भरने का प्रयास करता है वहीं से सच्ची मानवता शुरू होती है। इसे नगर के पृथ्वीम फाउंडेशन के चीफ योगिता सिन्हा ने कर दिखाया है। नगर की समाजसेवी संस्था पृथ्वीम फाउंडेशन की ओर से होली पर्व पर सराहनीय पहल करते हुए स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब और बेसहारा बच्चों के बीच खुशियां बांटी गईं। योगिता सिन्हा स्वयं बस्तियों में पहुंचीं और बच्चों को रंग, पिचकारी, गुलाल एवं मिठाई वितरित कर उन्हें भी होली के रंग में रंगने का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिन हाथों में अक्सर संसाधनों की कमी रहती है, उन हाथों में जब रंग-बिरंगी पिचकारियां और गुलाल पहुंचा तो उत्साह देखते ही बन रहा था। योगिता सिन्हा ने बच्चों को स्नेहपूर्वक होली की शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित तथा प्रेमपूर्वक त्योहार मनाने की सीख भी दी। उन्होंने कहा कि त्योहार केवल संपन्न वर्ग के लिए नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए होते हैं। यदि हम अपनी खुशियों का थोड़ा सा हिस्सा जरूरतमंदों के साथ बांट लें तो त्योहार की सार्थकता और बढ़ जाती है। उनका उद्देश्य था कि



कोई भी बच्चा केवल अभाव के कारण रंगों के इस पर्व से वंचित न रहे।

**बच्चों ने खेला रंग, लिया मिठाई का आनंद–** योगिता के इस दयालु और संवेदनशील स्वभाव को देखकर बस्ती के लोग भी भावुक नजर आए। बच्चों ने रंग-गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर की और मिठाइयों का आनंद लिया। वातावरण में हंसी, उल्लास और अपनत्व का सुंदर संगम देखने को मिला। पृथ्वीम फाउंडेशन की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। समाज के अन्य संगठनों और नागरिकों से भी अपील की गई कि वे आगे आकर ऐसे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने में सहयोग करें। बता दें कि इस मानवीय प्रयास ने यह संदेश दिया कि होली का असली रंग प्रेम, समानता और सहभागिता में ही बसता है।

इस फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य वैसे स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला उत्थान भी है। जिसके तहत स्लम बस्ती की बालिकाओं एवं महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। यह फाउंडेशन पिछले एक वर्ष से सामाजिक उत्थान के लिए काम कर रही है। फाउंडेशन के चीफ योगिता सिन्हा के साथ स्लम बस्ती में जाने वालो में रेखा बंजारी, पार्षद नम्मूनारायण ध्रुव, योगेश्वरी साहू, तुषार साहू, आयुष सोनी, प्रवीण यादव, कोमल देवार, रवि सोनवानी विशेष रूप से शामिल थे।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक त्योहारों पर सौहार्द बनाने की अपील की

**बैठकें काफी नहीं, सड़कों पर दिखे सख्तीः शहरवासियों की दो टूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर थाना परिसर में हाल ही में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी त्योहारों और कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई। ईधर शहरवासियों का कहना है कि केवल बैठकें करने से व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी, जब तक जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई न हो। नागरिकों ने सवाल उठाया कि शहर के बीचों-बीच तेज रफ्तार से स्कूटर और मोटरसाइकिल दौड़ाने वालों पर आखिर कब लगाम लगेगी? रोजाना मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में युवा तेज गति से वाहन चलाते नजर आते हैं। कई बार तो बिना हेलमेट और बिना किसी डर के स्टंट करते हुए भी देखा गया है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों में भय का वातावरण बना रहता है।

- तेज रफ्तार और स्टंटबाजी पर लगाम लगाने की उठी मांग

स्थानीय व्यापारियों और अभिभावकों का कहना है कि शहर के भीतर जिस तरह से बेखौफ होकर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, वह किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देने जैसा है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए, तेज गति से वाहन चलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए और बार-बार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुदृढ़ करने की भी मांग की गई है। शहरवासियों का मानना है कि शांति समिति की बैठक तभी सार्थक होगी, जब सड़क पर भी अनुशासन दिखाई दे। कानून-व्यवस्था केवल कागजों और बैठकों तक सीमित न रहे, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल का वास्तविक अनुभव हो-यही अपेक्षा अब शहर के लोगों ने पुलिस प्रशासन से की है।

## कर्तव्य पहले, फिर उत्सवः अखबार वितरकों ने सादगी से मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मंगलवार को अखबार बांटने के लिए निकले वितरको ने सुबह 3:30-4 बजे जैसे ही बंडल पहुंचा। बंडल खोले और अपना-अपना पेपर लेकर आगे बढ़े। आगे बढ़ने के पहले भाईचारे के साथ आपस में इन्होने गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। मालूम हो कि भरी बरसात हो, कड़कड़ाती ठंड हो या चिलचिलाती गमी का कड़ा धूप-शहर को हर सुबह खबरों से रूबरू कराने वाले हमारे पेपर बाँटने वाले युवा कभी अपने दायित्व से पीछे नहीं हटते।

- हर मौसम में खबर पहुंचाने वाले युवाओं की सेवा भावना को सलाम

रोज तड़के साढ़े तीन-चार बजे उठकर घर-घर अखबार पहुंचाने वाले इन मेहनतकश युवाओं ने होली का पर्व भी बेहद शालीनता और सादगी के साथ मनाया। त्योहार के अवसर पर सभी साथी एकत्र हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों की होड़ या हुड़दंग से दूर, अपनत्व और भाईचारे के साथ मनाया गया यह उत्सव उनके अनुशासन और संस्कारों की झलक देता रहा। सभी ने साथ मिलकर होली की खुशियां बांटीं। इस मौके पर राजू देवांगन, माखन निषाद, कैलाश भोई सहित सभी वितरक युवाओं ने कहा कि उनका काम ही उनकी पहचान है। त्योहार हो या सामान्य दिन-



पाठकों तक समय पर अखबार पहुंचाना उनका पहला कर्तव्य है। होली के दिन भी वे अपनी जिम्मेदारी निभाने के बाद ही उत्सव में शामिल हुए।

**इन युवाओं की प्रतिबद्धता की हुई सराहना**

शहर के कई पाठकों ने भी इन युवाओं की प्रतिबद्धता की सराहना की। उनका मानना है कि जब अधिकांश लोग नींद में होते हैं, तब ये युवा अपने कंधों पर खबरों की जिम्मेदारी लेकर निकल पड़ते हैं। ऐसे कर्मठ और समर्पित युवाओं की बदौलत ही शहर और गांव हर सुबह ताजा समाचारों से जुड़ पाता है। सादगी, अनुशासन और भाईचारे के साथ मनाई गई यह होली न केवल एक पर्व का उत्सव थी, बल्कि जिम्मेदारी और समर्पण की मिसाल भी। इन युवाओं ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा भाव ही सबसे बड़ा रंग है, जो हर मौसम और हर परिस्थिति में फीका नहीं पड़ता।

## रंग, उमंग और अपनापन का सार रहा मुड़ागांव में हुआ होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था नई दिशा सेवा समिति द्वारा 2 मार्च क चौक, मुड़ागांव में हर्षोल्लास के साथ ' होली मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्सव रंगों का, खुशियों का और अपनेपन का के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उमड़े।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर की प्राचार्य नीलम ने अपने संबोधन में होली के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व है। यह त्यौहार हमें आपसी द्वेष भुलाकर स्नेह और प्रेम के धागे में बंधने की सीख देता है। सेवानिवृत्त शिक्षक गंगाराम नेताम ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मुड़ागांव क्षेत्र में इस तरह का भव्य और संगठित होली मिलन कार्यक्रम प्रथम बार आयोजित हुआ है। उन्होंने इस पहल के लिए समिति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की, जिससे स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा गया।

**इनकी भूमिका रही अहम–** कार्यक्रम की सफलता में नई दिशा सेवा समिति के अध्यक्ष रुपेश कंसारी, उपाध्यक्ष गावील ध्रुव, सलाहकार रामप्रसाद मांडले, तीरथ नेताम, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जाट, राजेन्द्र साहू और संरक्षक गंगाराम नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**ये रहे उपस्थित–** विशेष अतिथि के रूप में ओमप्रकाश साहू, जयराम साहू, भामेश साहू, गजेंद्र ध्रुव, योगेंद्र साहू, होरिलाल सेन, तोरण निर्मलकर, सुमन मांडले और कुन्दन साहू सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**गुड समैरिटन के तहत प्रशासन ने किया जुम्मन का अभिनंदन**

## घायल युवती की जान बचाने वाले ऑटो चालक का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल, तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर व पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुड समैरिटन के तहत गत दिनों रोड एक्सीडेंट मे घायल युवती की जान बचाने वाले ऑटो चालक मोहम्मद जुम्मन खान का सम्मान किया। टीआई श्री जायसवाल ने बताया कि कुछ दिन पहले नवापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़ा एक्सीडेंट चम्पारण मार्ग पर हुआ था जहाँ बाइक सवार तीन युवक - युवती एक गाड़ी के चपेट में आ गए थे।

इस दुर्घटना मे 1 युवक व 1 युवती की मौत हो गई थी. वही 1 युवती की जान ऑटो चालक की मदद से बचा ली गई। ऑटो चालक की इस इंसानियत को देखते हुए इस दुर्घटना में युवती की



जान बचाने के लिए उनका सम्मान किया गया। टीआई जायसवाल ने कहा कि आज के समय मे ऐसे ही जागरूक नागरिकों की जरूरत है। लोग डरे नहीं, वीडियो बनाने मे समय बर्बाद ना करें, बल्कि घायलों की मदद करें। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाये। ऑटो चालक मोहम्मद जुम्मन खान को मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया। साथ ही गुड समैरिटन के तहत सरकार से मिलने वाली राशि भी उन्हें प्रदान कराने में सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष परदेशी राम साहू पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद प्रसन्न शर्मा, सभापति रमेश तिवारी, सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी, पार्षद जीना निषाद, नम्मू ध्रुव, टिकेश्वर गिलहरे, हेमंत साहनी, रामरतन निषाद, नवापारा मुस्लिम जमात प्रमुख अल्तमश सिद्दीकी, अकरम रिजवी, संतोष मिश्रा, प्रवीण कल्ला, दुकालू चक्रधारी, सरपंच खगेश साहू, कृष्णा यादव सहित पुलिस जवान व पुलिस मितान के साथी उपस्थित थे।



